प्रेषक, **सर्वोच्च प्राथमिकता**

प्राचार्य / उप शिक्षा निदशक,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
जनपद हरदोई।

सेवा में,

प्राचार्य / प्रवन्धक,
समस्त निजी डी0एल0एड0 संस्थान
हरदोई।

पत्रांकः–डायट / **ऑनलाइन आवेदन** / 1056-59 /2026-27 दिनांक– 19/08/2026

**विशयः– डी0एल0एड0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षाए माह सितम्बर वर्ष–2026 हेतु प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित किये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्रांक–डी0एल0एड0 परीक्षा / 3173–75 / 2026–27 दिनांक 17.08.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच–2025 प्रथम सेमेस्टर, डी0एल0एड0 बैच 2018, 2021 एवं 2023 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर आंशिक परीक्षा के अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन पत्र बेवसाइट https://btcexam.in पर ऑनलाइन पूरित करने हेतु तथा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2019, 2022 एवं 2024 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा के अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन पत्र बेवसाइट https://updeledexam.in पर **ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 19.08.2026 से 30.08.2026 तक** प्रत्येक दशा में पूरित किये जाने के निदेष दिये गये है।

अतः उक्त के अनुपालन में आपकों निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में ही डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2025 प्रथम सेमेस्टर एवं 2018, 2019, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर आंशिक परीक्षा हेतु प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पूरित करते हुए **परीक्षा शुल्क की मूल रसीद एवं नामावली सूची दिनांक 02.09.2026 तक** प्रत्येक दशा में दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उक्त निर्धारित तिथि में कार्यवाही नहीं किये जाने पर अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई प्रशिक्षु वंचित रहता है तो सम्मपूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**संलग्नक–उक्तवत्**

**नोटः–**

01. **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच– 2021, 2023 एवं 2025 के परीक्षा शुल्क निर्धारित वेबसाइट–http:// www.btcexam.in तथा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण बैच 2022 एवं 2024 www.updeledexam.in पर ऑनलाइन जमा किये की व्यवस्था की गयी है।**
02. **प्रति प्रशिक्षु परीक्षा शुल्क रू0 700/–**
03. **बैचवार, सेमेस्टरवार परीक्षा शुल्क जमा करें।**
04. **प्रशिक्षुओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये।**

भवदीय,
19/08/2026
(रमेन्द्र कुमार सिंह)
प्राचार्य / उप शिक्षा निदशक,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
हरदोई।

पृ0सं0 संख्याः–डायट / **ऑनलाइन आवेदन** / /2026–27 तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित।

01. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ।
02. सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0 प्रयागराज।
03. डायट के समस्त कक्षाध्यापक को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

प्राचार्य / उप शिक्षा निदशक,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
हरदोई।

CS CamScanner

सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रेषक,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : डी.एल.एड. परीक्षा/ 3173-75 /2026-27, दिनांकः 17 अगस्त 2026

विषयः-डी0एल0एड0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षाएं माह सितम्बर-2026 हेतु प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं माह सितम्बर-2026 में सम्पादित कराया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा में आवेदन पत्र उन अभ्यर्थियों का पूरित कराया जाय जिनका प्रशिक्षण निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पूर्ण हो।

परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश निम्नवत् हैं -

1. सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2025 प्रथम सेमेस्टर, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण- 2018, 2021 एवं 2023 प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर आंशिक परीक्षा के अभ्यर्थियों की परीक्षा 2026 हेतु आवेदन पत्र बेवसाइट **https://btcexam.in** पर ऑनलाइन पूरित किया जाय।
2. सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2024 तृतीय सेमेस्टर, डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2019 एवं 2022 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर आंशिक परीक्षा के अभ्यर्थियों की परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन पत्र बेवसाइट **https://updeledexam.in** पर ऑनलाइन पूरित किया जाय।
3. सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उपरोक्त परीक्षाओं के आवेदन पत्र आवेदन शुल्क सहित दिनांक 19 अगस्त 2026 से 30 अगस्त 2026 तक पूरित किये जायेंगे तथा उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा तथा ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विगत सेमेस्टर की परीक्षाओं में कतिपय प्राचार्य डायट द्वारा परीक्षा फार्म आनलाइन आवेदन न पूरित करने वाले संस्थानों के आफलाइन आवेदन अग्रसारित करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित किये जाते है। उक्त स्थिति कदापि उचित नही है। यदि पुनः इस प्रकार की स्थिति प्रकाश में आती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए दण्डात्मक कार्यवाही हेतु संस्तुति कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व सम्बन्धित प्राचार्य डायट का व्यक्तिगत होगा।
4. समस्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा पूरित किये गये ऑन लाइन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य डायट द्वारा वेबसाइट के माध्यम से डायट की लॉगिन पर जाकर दिनांक 19 अगस्त 2026 से 01 सितम्बर 2026 तक प्रमाणित करते हुए स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही मान्य/स्वीकार किया जायेगा। प्राचार्य डायट द्वारा अस्वीकार किये गये आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होंगे।
5. सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट/निजी दोनों संस्थानों के प्रशिक्षुओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु उक्त वेबसाइट के डायट लॉगिन पर क्लिक करेंगे, तदोपरान्त स्क्रीन पर दिये गये डायट का नाम तथा पासवर्ड (PASSWORD) को अंकित करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित किये जायेंगे।
6. समस्त डायट एवं निजी (बी0टी0सी0) डी0एल0एड0 संस्थान उक्त वेबसाइट के जनपद/संस्थान लागिन पर क्लिक करेंगे तदोपरान्त स्क्रीन पर दिये गये usertype (DIET/PVT COLLEGE LOGIN) तथा पासवर्ड (PASSWORD) को अंकित करते हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूरित करेंगे। ऑनलाइन आवेदन अंग्रेजी वर्णमाला के कैपिटल लेटर में ही पूरित किया जायेगा। इस

हेतु कालेज का पासवर्ड पूर्व में डी.एल.एड. के पूरित किये गये आवेदन पत्र के अनुसार ही होगा।

7. समस्त निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा पूरित किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वेबसाइट के माध्यम से डायट की लागिन पर जाकर प्रमाणित करते हुये स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही मान्य/स्वीकार किया जायेगा। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अस्वीकार किये गये आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होंगे।

8. संस्थानों द्वारा डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2019 के परीक्षा शुल्क सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के खाता सं0–519701010028014, IFSC CODE- UBIN 0551970 (UNION BANK OF INDIA, LIC COLONY, 147-A/58 JAWAHAR LAL NEHRU ROAD, NEAR TAGORE TOWN, COLONELGANJ SCHOOL, PRAYAGRAJ) पर जमा कराया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा शुल्क रू0 700.00 (सात सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से देय है।

9. महत्वपूर्ण–डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2018, 2021, 2023 एवं 2025 के परीक्षा शुल्क निर्धारित वेबसाइट https://btcexam.in पर ऑनलाइन जमा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा शुल्क रू0 700.00 (सात सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से देय है।

10. महत्वपूर्ण–डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2022 एवं 2024 के परीक्षा शुल्क निर्धारित वेबसाइट https://updeledexam.in पर ऑनलाइन जमा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा शुल्क रू0 700.00 (सात सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से देय है।

11. ऑनलाइन आवेदन में किये जाने वाली प्रविष्टियों को भली–भाँति जाँच व मिलान करने के उपरान्त ही आवेदन को सेव (Save) करते हुए सुरक्षित करें, इसमें किसी भी त्रुटि के लिए प्राचार्य डायट/सम्बन्धित संस्था ही उत्तरदायी होगी।

12. प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सम्बन्धित निजी डी0एल0एड0 संस्थानों को उपरोक्त निर्देश से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि के भीतर डी0एल0एड0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा माह सितम्बर–2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन पूरित करते हुए परीक्षा शुल्क जमा की रसीद/Online transaction रसीद एवं नामावली समस्त प्रशिक्षण बैचों की दिनांक 03 सितम्बर 2026 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही नहीं किये जाने पर अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई प्रशिक्षणार्थी वंचित रहता है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय

(राजेन्द्र प्रताप)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**पृ0संख्याःडी.एल.एड. परीक्षा/ 3173–75 /2026–27, तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सम्पर्क कर अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आनलाइन दिनांक 19 अगस्त 2026 से 30 अगस्त 2026 तक पूरित कराना सुनिश्चित करें।

17.8.26

(राजेन्द्र प्रताप)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।



CamScanner